卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 313 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦20 अगस्त 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR
SALE, PURCHASE
RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE
WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4,
Adarsh Colony, Rudrapur

## लेह में सेना का वाहन खाई में गिरा, नौ जवान शहीद

### दर्दनाक हादसे में एक जवान घायल, पीएम और रक्षा मंत्री ने जताया दुख



श्रीनगर (उद ब्यूरो)। लद्दाख में शनिवार शाम सेना का एक वाहन खाई में गिर गया, इस हादसे में 9 जवानों की मौत हो गई। जबकि एक घायल है, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसा दक्षिणी लद्दाख के न्योमा में क्यारी के पास हुआ है। पीएम मोदी समेत कई नेताओं ने हादसे पर दुख जताया। भारतीय सेना के जवान गैरीसन से लेह के पास क्यारी की तरफ जा रहे थे। सेना का एक वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरा। एक अधिकारी ने बताया कि घटना में नौ सैनिक शहीद हो गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना शनिवार शाम दक्षिणी लद्दाख के न्योमा के केरी में हुई है। फिलहाल मौके पर बचाव दल पहुंच गया है और रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटा है। हादसे में मरने वाले सैनिकों में आठ जवान और एक जेसीओ (जूनियर कमीशंड ऑफिसर) शामिल हैं। भारतीय सेना के अधिकारी ने बताया कि एक अशोक लीलैंड स्टैलियन (एएलएस) वाहन जो लेह से न्योमा की ओर एक काफिले के हिस्से के रूप में जा रहा था, लगभग 5:45-6:00 बजे शाम को कियारी से सात किलोमीटर पहले घाटी में फिसल गया। वाहन में 10 कर्मी सवार थे जिनमें से नौ की मौत हो गई और एक घायल हो गया। घायल सैनिक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लेह हादसे पर दुख प्रकट किया। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, लद्दाख में लेह के पास एक दुर्घटना में भारतीय सेना के जवानों की मौत से दुखी हूं। हम अपने राष्ट्र के प्रति उनकी अनुकरणीय सेवा को कभी नहीं भूलेंगे। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायल कर्मियों को फील्ड अस्पताल ले जाया गया है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

## गांधी पार्क में मजदूर का शव मिलने से सनसनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रात: नगर के गांधी पार्क में एक व्यक्ति का शव पाये जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। जानकारी के अनुसार आज प्रात: गांधी पार्क में टहल रहे लोगों को एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा दिखाई दिया। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई जानकारी मिलते ही वहीं लोगों की भीड़ लग गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। शव को कब्जे में लेकर वहां मौजूद लोगों से उसकी शिनाख्त कराने की कोशिश की गई लेकिन कोई भी मृतक को नहीं पहचान पाया। जिस पर पुलिस ने मृतक के पहने कपड़ों की तलाशी ली तो मृतक की जेब से निवास प्रमाण पत्र मिला। जिसके आधार पर मृतक की शिनाख्त बाग गुलशेर खां, तहसील सदर जिला पीलीभीत निवासी लगभग 45 वर्षीय बनवारी लाल पुत्र बालकराम के रूप में की गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम गृह भेज दिया है। साथ ही मृतक के परिजनों को भी मामले से अवगत करा दिया है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि मृतक यहां मजदूरी करता था। स्वास्थ्य खराब होने की वजह से वह गांधी पार्क में लेटा होगा जहां उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

मकाशीपुर(उद संवाददाता)। अधेड़ उम्र व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। उसका शव बाजपुर रोड पर बरखेड़ी गांव के समीप रेलवे क्रॉसिंग के निकट रेल लाइन पर पड़ा पाया गया। परिजनों को जैसे ही इसकी सूचना मिली



परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक हरिनगर ढकिया कला कुंडेश्वरी निवासी महेंद्र सिंह 42 वर्ष पुत्र स्वर्गीय जयपाल सिंह मेहनत मजदूरी करने के साथ ही ट्रैक्टर चलाया करता था। एक बहन व चार भाइयों में वह सबसे बड़ा था। वह अविवाहित है। उसके सभी भाई बहनों की शादी हो चुकी है। बताते हैं कि गत शनिवार की शाम वह घर से निकला लेकिन देर रात तक वापस घर नहीं लौटा। इस बीच रात्रि लगभग 12:00 बजे रेलवे पुलिस में परिजनों को फोन पर घटना की सूचना दी। परिजनों को जैसे ही इसका पता चला उनमें कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने **( शेष पेज सात पर )**

## सड़क किनारे पोल में करंट लगने से शिक्षक की मौत

हल्द्वानी(उद संवाददाता)।नैनीताल जिले के भीमताल के गोरखपुर चौराहे पर पोल से करंट लगने के दौरान शिक्षक की मौत हो गई। वही ओखलकांडा में तैनात शिक्षक इन दिनों ट्रेनिंग के लिए भीमताल स्थित डायट में आए थे। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।वही एसआई अरुण राणा ने बताया कि शनिवार देर शाम एक युवक को करंट लगने की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि गौरव पुरोहित उम्र 33 वर्ष पुत्र बृजमोहन निवासी पीरूदारा रामनगर शनिवार को अपने तीन शिक्षक साथियों के साथ गोरखपुर चौराहे पर पहुंचे थे। वही राणा ने बताया कि सभी ने वहां एक रेस्टोरेंट में खाना खाया। इसके बाद गौरव पुरोहित और अन्य दोस्त सड़क पर पहुंचे। सड़क किनारे स्थित एक पोल में हाथ लगने से गौरव को करंट लग गया। करंट लगते ही गौरव अचेत हो गए।वही स्थानीय लोगों की सूचना पर साथी उन्हें भीमताल सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने गौरव को मृत घोषित कर दिया। एसआई अरुण राणा ने बताया कि दोस्तों द्वारा ये बताया गया कि वे भीमताल डायट में ट्रेनिंग में आए हुए हैं। पुलिस ने मृतक के परिजनों को उक्त घटना की सूचना दे दी है। इकलौते बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। शिक्षक अपने पीछे दो बच्चों का परिवार छोड़ गए।

## बंधक बनाई भूमि को बेचकर लाखों का ऋण हड़पा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बैंक में बंधक बनाकर रखी गई भूमि को साजिश कर बेचकर लाखों रूपये का ऋण हड़प लेने का मामला प्रकाश में आया है। बैंक प्रबंधक ने आरोपियों के विरूद्ध कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में भानू प्रताप सिंह लीगल मैंनेजर कोटक महिन्द्रा बैंक शाखा रूद्रपुर रूद्रा कान्टीनेंटल होटल, काशीपुर बाईपास रोड ने गजराज सिंह पुत्र छेदा सिंह, श्याम बिहारी पुत्र छेदा सिंह, श्रीमति मोहन देई पत्नी छेदा सिंह, मुकेश कुमार पुत्र छेदा सिंह तथा टीकाराम पुत्र छेदा सिंह निवासीगण ग्राम गहलुईया तह0 बहेड़ी जिला बरेली के विरूद्ध आरोप लगाते हुए कहा है कि कोटक महिन्द्रा बैंक में आईएनजीवैश्य बैंक का विलय हो गया था। आईएनजी वैश्य बैंक की शाखा रुद्रपुर से गजराज सिंह, श्याम बिहारी, मोहन देई द्वारा 31 जुलाई 2014 को कृषि ऋण 27 लाख रूपया का लिया था। जिसमें गजराज सिंह के भाई मुकेश व टीकाराम गारंटर थे। गजराज सिंह, राम आसरे, श्याम बिहारी, श्रीमति मोहन देई, मुकेश कुमार व टीकाराम द्वारा इस ऋण के एवज में अपनी कृषि भूमि आईएमजी वैश्य बैंक (वर्तमान में कोटक महिन्द्रा बैंक) के पक्ष में बंधक की थी । ऋण अनुबंध के अनुसार बैंक से लिया गया ऋण समय पर ब्याज सहित किश्तों में चुकता कर बैंक से नोड्यूज प्रमाण/ डिस्चार्ज प्रमाण पत्र प्राप्त कर उक्त कृषि ऋण के लिए **( शेष पेज सात पर )**

### बैंक का फर्जी नो ड्यूज बनवाकर बंधक भूमि को करा लिया अवमुक्त

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कृषि भूमि को बैंक में बंधक बनाकर लाखों रूपये का ऋण लेने के बाद साजिश रचकर बैंक का फर्जी नो ड्यूज बनवाकर तहसील कार्यालय से बंधक भूमि को मुक्त करा लिए जाने का मामला सामने आया है। बैंक प्रबंधक ने आरोपियों के विरूद्ध कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में भानू प्रताप सिंह लीगल मैंनेजर कोटक महिन्द्रा बैंक शाखा रूद्रपुर रूद्रा कान्टीनेंटल होटल, काशीपुर बाईपास रोड ने पवन सिंह पुत्र नत्थू सिंह, श्रीमति शशिलता पत्नी पवन सिंह तथा मोहन सिंह पुत्र नत्थू सिंह निवासीगण मोहल्ला रामलीला तह बहेड़ी जिला बरेली के **( शेष पेज सात पर )**

## साथियों संग घूमने गया छात्र नदी में डूबा

### एसडीआरएफ और गोताखोरों की टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। दोस्तों के साथ घूमने गया हल्द्वानी का एक छात्र नहाते समय नदी में डूब गया छात्र की डूबने की सूचना साथी छात्रों ने परिजनों को दी जिसके बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम छात्र की तलाश में जुटी हुई है वहीं घटना के बाद परिजन काफी परेशान हैं।बताया जा रहा है कि हल्द्वानी के मुखानी थाना क्षेत्र अंबा बिहार का रहने वाला 16 वर्षीय छात्र चिन्मय जीना शनिवार को अपने दोस्तों के साथ घूमने मुक्तेश्वर की तरफ गया था इस दौरान चाफी के पास नदी में नहाते वक्त चिन्मय गहरे पानी में चला गया, साथी को डूबता देख दोस्तों ने उसको बचाने की कोशिश की, लेकिन वह नदी की तेज लहरों में बह गया घटना के बाद किशोर के दोस्तों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना के बाद पुलिस



और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि मौके पर पहुंची एसडीआरएफ और गोताखोरों की टीम सर्च ऑपरेशन चलाया।लेकिन अंधेरा होने के चलते सर्च ऑपरेशन को रोकना पड़ा, आज फिर से सर्च ऑपरेशन चलाया गया है।मुक्तेश्वर थानाध्यक्ष कमित जोशी ने बताया कि शनिवार को चिन्मय जीना (17) निवासी अंबा बिहार हल्द्वानी अपने दोस्त का जन्मदिन मनाने पांच दोस्तों के साथ पदमपुरी मार्ग स्थित परिताल पहुंचा। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने शाम के समय एक किशोर के झरने में डूबने की सूचना दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची लेकिन अंधेरा अधिक होने के चलते डूबे किशोर का पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि चिन्मय के साथ आए दोस्तों से पूछताछ की जा रही है।

## उत्तराखंड में आपदा से सड़कों, पुलों और फसलों को भारी नुकसान : धामी



नई दिल्ली/ देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड को मानसून के दौरान प्राकृतिक आपदाओं में अब तक 1000 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। हरिद्वार जिले में बाढ़ व जलभराव से 21 हजार हेक्टेयर गन्ने की फसल खराब हो गई। सड़कों और पुलों को भारी क्षति हुई है। मुख्यमंत्री नई दिल्ली में एक मीडिया संवाद में बोल रहे थे। सीएम ने कहा कि अभी मानसून सक्रिय है। बारिश कम होने के बाद सड़कों को पुरानी स्थिति में लाने के लिए युद्धस्तर पर काम शुरू होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसी को टारगेट करने के लिए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) नहीं ला रही है। सरकार को पिछले विधानसभा चुनाव में इस पर जनादेश मिला है। जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में गठित समिति ने ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। जैसे ही सरकार को ड्राफ्ट सौंपा जाएगा, सरकार उसे विधानसभा में लाएगी और यूसीसी को लागू करने की दिशा में बढ़ेगी। उन्होंने कहा, मुस्लिमों को टारगेट करने की बात तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले लोग करते हैं। हम महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए यूसीसी ला रहे हैं।सीएम ने कहा कि सरकार ने सघन अभियान के तहत 2700 एकड़ सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाया है। यह अभियान अभी पूरा नहीं हुआ। एक वर्ग विशेष के निशाने पर लेने के सवाल पर सीएम ने जवाबी सवाल दागा, सरकारी भूमि पर अतिक्रमण क्या जायज है? लोग हाईकोर्ट गए, लेकिन कोर्ट ने भी सरकार के अभियान को सही माना है। सीएम ने कहा कि पर्यटकों की सुविधा के लिए सरकार का रोड कनेक्टिविटी पर विशेष फोकस है। अगले 25 वर्षों की जरूरत के हिसाब से अवस्थापना कार्यों का एक रोड मैप तैयार हो रहा है। कहा, पिछले साल 47 लाख यात्री आए थे। इस साल 15 अगस्त तक 38 लाख यात्री आ चुके हैं। 50 लाख से ऊपर संख्या जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा, भाजपा ने 2014 व 2019 के चुनाव में उत्तराखंड की पांचों सीटें जीतीं। 2024 में भी पार्टी पांचों सीटें जीतेगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है। उनके नाम पर पांचों सीटें मिलेंगी। सीएम ने कहा, उत्तराखंड भारत में सबसे तेजी से विकास करने वाले राज्यों में से एक बन गया है। दिसंबर में राज्य में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट होने जा रहा है। इसमें दुनियाभर के निवेशक उत्तराखंड में निवेश का निर्णय लेंगे। इस समिट में हमने 2.5 लाख करोड़ निवेश का लक्ष्य निर्धारित किया है।

# क्राईम बैठक में एसएसपी ने अधिनस्थों के कसे पेंच

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी पंकज भट्ट ने क्राइम मीटिंग लेकर अधिनस्थों के पेंच कसते हुए सभी थाना प्रभारियों को दिए कड़े निर्देश दिए। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने पर कई पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसएसपी ने जनपद पुलिस के सभी सर्किल/थाना प्रभारियों के साथ क्राइम मीटिंग का आयोजन किया। जिसमे उन्होंने क्राइम मीटिंग से पूर्व कर्मचारी सम्मेलन लेकर सभी की समस्याओं का समाधान किया। उपस्थित पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि गुमशुदाओं की तलाश एवं पुनर्वास के लिए जनपद में 2 माह के लिए पुनः ऑपरेशन स्माइल अभियान चलाया जा रहा है। गुमशुदाओं की सूची अध्यावधिक कर लें। जिससे अभियान के दौरान तलाशी टीमों के साथ समन्वय स्थापित कर गुमशुदाओ की शत प्रतिशत बरामदगी और पुनर्वास कराया जाय। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर साईबर ठगों द्वारा साईबर अपराध का नया तरीका इख्तायार किया गया है। सभी को निर्देश दिए कि अपने अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले सार्वजनिक स्थलों, शिक्षण संस्थानों में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता अभियान चलाए जाए। जिससे इन



अपराधों की रोकथाम की जा सके। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन प्रहार में सार्थक परिणाम हासिल किए जाए। इसकी प्रत्येक दिवस मॉनिटरिंग की जाएगी।धोखाधड़ी के मामलों में गंभीरता लेकर विवेचना संपादित कर अभियोग निस्तारित किए जाएं। साथ ही लूट, डकैती व हत्या के मामलों में प्रभावी विवेचना कर मुकदमों का सफल निस्तारण करें। लापरवाही करने पर संबंधित विवेचक के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। वाहन चोरी की घटनाओं में शामिल अपराधियों व सक्रिय गैंग को चिन्हित करें। अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कर चोरी वाहनों की बरामदगी की जाय। उन्होंने कहा महिला संबंधी अपराधों में पंजीकृत मामलों का त्वरित निस्तारण करें व विवेचनाओं की गुणवत्ता में सुधार करें। इनामी/वांछित अपराधियों की कुशल रणनीति बनाकर शत प्रतिशत गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। एनबीडब्ल्यू कुर्की वारंट की तामिली के प्रतिशत में वृद्धि करें। न्यायालय संबंधी प्रक्रियाओं में ढिलाई न बरतें। एसएसपी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में आने वाली शिकायतों में गंभीरता लेकर कार्यवाही करें। लंबित शिकायतों का निर्धारित अवधि के भीतर निस्तारण करें। सभी थाने आईटीएस एसओ में समय से डाटा अध्यवधिक करें, कोई भी प्रकरण लंबित न रहे। बैठक के दौरान माह में जनपद में प्रभावी पुलिसिंग कर महत्वपूर्ण योगदान देने व सराहनीय कार्य करने के लिए कई पुलिस कर्मियों को उन्होंने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिनमे हरेंद्र चौधरी, प्रभारी निरीक्षक हल्द्वानी, धर्मवीर सिंह सोलंकी, प्रभारी निरीक्षक मल्लीताल, विजय मेहता, एसएसआई हल्द्वानी, जगदीप नेगी, प्रभारी चौकी मंगल पड़ाव, एसआई कुमकुम धानिक, प्रभारी चौकी भोटिया पड़ाव, राजवीर नेगी, प्रभारी एसओजी, एसएसआई दीपक बिष्ट, एसआई अविनाश मौर्य, एसआई प्रियंका मौर्य थाना मल्लीताल, उपनिरीक्षक मोहम्मद आसिफ, एलआईयू, उपनिरीक्षक नवीन जोशी, महिला उपनिरीक्षक बबिता मेहरा, थाना बनभूलपुरा, एएसआई चंदन सिंह राणा, पुलिस संचार,एएसआई अंजुला जॉन, थाना मल्लीताल, हे.कानि.सुरेंद्र सिंह बथियाल, हे.कानि. कमल मेहता एलआईयू, हे.कानि. इसरार नबी, सीसीटीवी, हे.कानि. त्रिलोक सिंह, हे.कानि. कुंदन कठायत, कानि. दिनेश नगरकोटी, कानि. अशोक रावत, कानि. अनिल गिरी,भानू प्रताप एसओजी, कानि. चंदन सिंह नेगी, शिकायत प्रकोष्ठ, कानि. विरेंद्र गोले, कानि. शाहिद अली, कानि. बृजमोहन आर्य, म.कानि. कविता थापा, म.कानि. छाया सिंह थाना मल्लीताल, कानि. घनश्याम रौतेला, कानि. बशीधर जोशी,म.कानि. ममता कंबोज,थाना हल्द्वानी, म.कानि. राधिका सीओ कार्यालय भवाली को बेस्ट इंप्लाइज ऑफ द मंथ के रूप में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। गोष्ठी के दौरान डॉ जगदीश चंद्र, एसपी क्राइम ट्रैफिक नैनीताल, विपिन कुमार, एड. एसपी पुलिस टेलीकॉम, भूपेंद्र सिंह धोनी, सीओ हल्द्वानी, श्रीमती संगीता सीओ लालकुआं, बलजीत सिंह भाकुनी सीओ रामनगर, श्रीमती विभा दीक्षित सीओ नैनीताल, नितिन लोहनी सीओ भवाली, संजय गर्ब्याल, सीओ ट्रैफिक तथा समस्त थाना प्रभारी शाखा प्रभारी, पीएसी आदि मौजूद रहे।




# व्यवसायिक बकरी पालन को युवाओं एवं महिलाओं के लिए स्वरोजगार के रूप में स्थापित किया जाये : डीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को देर सांय कलेक्ट्रेट सभागार में गोट वैली की स्थापना के सम्बन्ध में बैठक आयोजित हुई। उन्होने कहा कि जनपद में गोट वैली की स्थापना कर व्यवसायिक बकरी पालन को कलस्टर में संतृप्त/अच्छादित किया जाये। उन्होने कहा कि व्यवसायिक बकरी पालन को युवाओं एवं महिलाओं के लिए स्वरोजगार के रूप में स्थापित किया जाये। उन्होने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि परम्परागत बकरी पालन को शुद्ध लाभ वाली गतिविधि में परिवर्तित कर एक उद्यम के रूप में विकसित कराये। उन्होने कहा कि बकरी पालकों को गोट वैली के माध्यम से वर्ष भर आजीविका में वृद्धि हेतु अवसर प्रदान करते हुये उनकी आय में वृद्धि के लिये कार्य योजना बनकार कार्य किया जाये। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि लाभार्थियों के चयन हेतु मुख्य विकास अधिकारी की देख-रेख में चयन समिति का गठन कर लाभार्थी



चयन हेतु मानक तय करते हुये प्राप्त आवेदनों में से पात्र लोगों को चयन किया जाये। उन्होने कहा कि पात्र लोगों का चयन कर गोट वैली की स्थापना किया जाये। उन्होने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि गोट वैली हेतु ऐसे स्थल को प्राथमिकता दिया जाये जहॉ बकरी पालन की गतिविधियां पूर्व से संचालित हो अथवा बकरी पालन की सम्भवना हो एवं स्थानीय स्तर पर समुचित पोषण, हरे चारे/चारा पत्ती की उपलब्धता हो। उन्होने कहा कि गोट वैली की स्थापना क्लस्टर आधारित किया जाये। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि गोट वैली योजना की स्थापना ''हब'' एवं ''स्पोक'' मॉडल में की जानी है। उन्होने बताया कि गोट वैली में हब का तात्पर्य प्रजनन केन्द्र की स्थापना से है। उन्होने बताया कि स्पोक का तात्पर्य गोट वैली में बकरी पालकों के यहॉ 21 (20 मादा एवं 01 नर) बकरी इकाई से है। उन्होने बताया कि एक गोट वैली में कम से कम 100 बकरी या इससे अधिक बकरी इकाई/स्पोक स्थापित की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, पीडी हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी तारा ह्यांकी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 एसबी पाण्डे, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 केके जोशी, पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 मालिनी पंत, मणि महरा, डॉ0 रोहित नौगांई, डा0 बलवन्त सिंह मनराल आदि उपस्थित थे।

# कच्ची शराब ले जा रहे युवक को किया गिरफ्तार

किच्छा(उद उद संवाददाता)। पुलिस द्वारा कच्ची शराब के कार्य में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए भारी मात्रा में शराब बनाने के काम में प्रयुक्त लहान को नष्ट करते हुए शराब बनाने के उपकरणों को बरामद किया है। वहीं 40 लीटर कच्ची शराब ले जा रहे एक युवक को मय मोटरसाइकिल के गिरफ्तार किया है ।शराब



के काम में लिप्त दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोलकाता चौकी के पास स्थित भूत नगला के किनारे शराब बनाने का कम कर रहे करनैल सिंह पुत्र कश्मीर सिंह प्रधान लाइन निवासी डोरा डैम को सूचना पर पुलिस ने छापा मार कर शराब बनाते हुए गिरफ्तार किया है ।तथा मौके पर शराब बनाने के उपकरण बरामद करते हुए 50 लीटर की लगभग लहान को नष्ट कर दिया है वहीं दूसरी ओर लालपुर पुलिस चौकी ने ग्राम चुटकी देवरिया के पास मोटरसाइकिल संख्या ना06 ए 18 00 में 80 पाउच कच्ची शराब लगभग 40 लीटर लेकर जा रहे राम पुत्र अमरजीत सिंह निवासी दुर्गा कॉलोनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# सितारगंज में तीज मेले में सिमरन बनी तीज क्वीन

सितारगंज(उद उद संवाददाता)। नगर में महिलाओं ने विशाल सावन तीज मेले का आयोजन किया। अग्रवाल महिला समिति द्वारा महाराजा महिला समिति की महामंत्री सरोज कंसल ने सर्वप्रथम भगवान शिव व पार्वती के प्रसंग का वर्णन कर तीज के महत्व पर प्रकाश डाला। मेले में लोगों ने चाट, आइसक्रीम आदि का आनंद लिया। इस दौरान महिलाओं ने तीज से संबंधित गीत श्बरसात में जब आयेगा सावन का महीना, साजन को लिया। तीज क्वीन प्रतियोगिता में सिमरन पहले व प्रेक्षा दूसरे स्थान पर रही। मेले का संचालन सरोज कंसल ने किया। इस मौके पर उमा गुप्ता,





अग्रसेन धर्मार्थ ट्रस्ट में आयोजित सावन तीज मेले में सिमरन तीज क्वीन चुनी गई। रविवार को धूमधाम से आयोजित मेले में प्रदेश अग्रवाल विभिन्न प्रकार के गेम्स व सरप्राईज गेम आयोजित किये गये। महिलाओं ने ज्वेलरी, राखी, लेडीज सूट, साड़ी आदि के स्टाल लगाये थे। मेले में आये बना लुंगी अंगूठी का नगीनाश, झुमका गिरा रेश आदि गीतों पर जमकर नृत्य किया। उन्होंने मेंहदी रचे हाथ प्रतियोगिता में भी बढ़ चढ़ कर भाग आकांक्षा अग्रवाल, सीमा सिंघल, सीमा गोयल, पूनम जैन, मानसी, मोनिका, गरिमा जैन, पूनम, मेघा, नीरू कंसल आदि लोग मौजूद रहे।

# मॉडिफाइड पटाखा साइलेंसर से लेस सात मोटर साइकिलों का चालान काटा

किच्छा(उद उद संवाददाता)। मॉडिफाइड पटाखा साइलेंसर से लेस दुपहिया वाहनों पर कोतवाली पुलिस ने शिकंजा कसते हुए सात मोटर साइकिलों का चालान किया है। गत दिवस शाम के समय चलाए गए पटाका साइलेंसर मोटर साइकिल सवार युवकों के खिलाफ अभियान के तहत पुलिस ने सात मोटर साइकिलों काचालान कर एक मोटरसाइकिल को सीज कर दिया उल्लेखनीय है कि नगर में हर तरफ असामाजिक तत्वों द्वारा मोटर साइकिलों मै मॉडिफाइड पटाखा साइलेंसर लगाकर आम जनता का जीना दूभर कर रखा है यही नहीं तंग गलियों में गुजरते समय मोटरसाइकिल चालक पटाखा वाले साइलेंसर से आवाज करते हुए निकल जाते हैं जिससे आम नागरिक भयभीत हो जाता है किंतु असामाजिक तत्वों को आम जनता की तनिक भी चिंता नहीं रहती है।पुलिस द्वारा बार-बार कार्यवाही किए जाने के बावजूद भी इन साइलेंसर युक्त मोटरसाइकिल चलाने वाली एवं उनके परिजनों को भी आम जनता की कोई चिंता नहीं रहती बार-बार पुलिस द्वारा परिजनों को सूचित करने के बावजूद भी पटाखा साइलेंसर से युक्त मोटरसाइकिल सवार युवकों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है पुलिस भी जब पटाखा मोटरसाइकिल पर कार्यवाही करती है तो स्थानीय छूट भैया नेता भी पैरों कार्य करने लग जाते हैं। ऐसे पुलिस को तमाम उन मोटर साइकिल के सामान बेचने वाले दुकानदारों पर भी कानूनी कार्यवाही करनी चाहिए जो इस तरह के पटाखा युक्त मोटरसाइकिल साइलेंसर की बिक्री करते है।

# अवैध कच्ची शराब के ठिकाने पर पुलिस का छापा, दो दबोचे

काशीपुर(उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ चलाए अभियान के क्रम में कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने शराब के गैर कानूनी ठिकाने पर छापामारी कर हजारों लीटर लहन नष्ट करते हुए मौके से दो शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार शराब कारोबारी का पुलिस द्वारा चालान कर दिया गया। पुलिस की कार्यवाही से शराब कारोबारी में हड़कंप देखा जा रहा है। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि एसएसपी के निर्देश पर पुलिस टीम ने अवैध कच्ची शराब की कारोबारी को दबोचने के लिए जगतपुर गुलजारपुर में छापामार कार्यवाही करते हुए रमपुरा काजी थाना केलाखेड़ा निवासी संतोख सिंह पुत्र हाकम सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया।इसी तरह मलकीत सिंह पुत्र भगवान सिंह ग्राम थारी थाना रामनगर नैनीताल को काले रंग के रबड़ की ट्यूब जिसमे लगभग 40लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब कासीदगी की उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया है। इसी तरह कार्यवाही के दौरान पुलिस टीम ने लगभग 5000 लीटर लहन नष्ट कर दिया।



# 'उत्तराखंड' में अब लगेगा महंगी बिजली का 'करंट'

## ऊर्जा प्रदेश में बिजली हो रही लगातार महंगी, अब फ्यूल चार्ज एडजस्टमेंट के नाम पर उपभोक्ताओं पर पड़ेगी आर्थिक चोट ,हर महीने वसूले जाएंगे करोड़ों रुपए अतिरिक्त

-अर्श-

ऊधमसिंहनगर। महंगाई कम करने के तमाम सरकारी प्रयासों के बावजूद महंगाई दिनों दिन बेकाबू होती जा रही है। खुदरा महंगाई दर के 7।7 का आंकड़ा छूने के बाद यह उम्मीद की जा रही थी कि शायद सरकारी स्तर पर महंगाई कंट्रोल करने के लिए कोई फौरी उपाय सामने आए, ताकि आमजन को किसी ममोर्चे पर तो महंगाई से कुछ राहत मिल पाती ,लेकिन जान पड़ता है जैसे आम लोगों की महंगाई कम होने की यह उम्मीद एक दुस्वप्न ही साबित होगी। वह इसलिए क्योंकि उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड अब फ्यूल चार्ज एडजस्टमेंट के नाम पर बिजली की दरें 14 पैसे से लेकर 52 पैसे प्रति यूनिट बढ़ाने जा रहा है। बिजली कि यह बढ़ी हुई दरें जुलाई माह से लागू होगी। बिजली की दरें बढ़ाने के पीछे यूपीसीएल द्वारा तर्क दिया जा रहा है कि गैस एवं कोयले से बिजली उत्पन्न करने वाले पावर प्लांट की बिजली महंगी होने के कारण बिजली की दरों में यह बढ़ोतरी करनी पड़ी है ।याद दिलाना होगा कि मौजूदा वित्त वर्ष के आरंभ में ही यूपीसीएल एवं ऊर्जा नियामक बोर्ड द्वारा फ्यूल चार्ज अधिरोपित किए जाने की बात कही गई थी। चालू वित्त वर्ष के पहले 3 महीने महीनों अर्थात अप्रैल-मई एवं जून तक फ्यूल चार्ज नहीं अधिरोपित किया गया था, मगर अब इसे जुलाई माह से प्रभावी कर दिया गया है । हालांकि यूपीसीएल द्वारा इस फ्यूल





चार्ज एडजस्टमेंट को अक्टूबर माह में रिवाइज करने की बात कहकर उपभोक्ताओं के जख्मों पर मरहम लगाने का प्रयास किया गया है ,लेकिन इस ताजा फ्यूल चार्ज एडजस्टमेंट से उत्तराखंड के तकरीबन 20 लाख घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को 36रुपया से 180 रुपया तक अधिक चुकाने पड़ेंगे। ताजा फ्यूल चार्ज एडजेस्टमेंट के परिणाम स्वरूप अब 100 यूनिट तक बिजली का उपभोग करने वाले घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को 36 रुपया,200 यूनिट तक उपभोग करने वालों के लिए 72 रुपया,300 यूनिट तक का उपभोग करने वाले उपभोक्ताओं को 108 रुपया,400 यूनिट तक बिजली का उपभोग करने वाले उपभोक्ताओं को 144 रुपया तथा 500 यूनिट तक बिजली का उपभोग करने वाले उपभोक्ता को 180 रुपया प्रति महीना अधिक चुकाने होंगे। ताजा फ्यूल एडजस्टमेंट की खास बात यह है कि इससे कृषि क्षेत्र को भी राहत नहीं दी गई है । अब निजी ट्यूबवेल वालों से 16 पैसा प्रति यूनिट तथा सामान्य कृषि क्षेत्र से 22 पैसा प्रति यूनिट अतिरिक्त भुगतान लिया जाएगा ।इसके अतिरिक्त वाणिज्यिक उपक्रमों से 52 पैसे प्रति यूनिट तथा सरकारी संस्थानों से 49 पैसे प्रति यूनिट तक अधिक वसूली जाएंगे। बताना होगा कि उत्तराखंड में तकरीबन 27लाख विद्युत उपभोक्ता है जिसमें से 20लाख तो केवल घरेलू उपभोक्ता ही है ।अगर हम यह मान ले कि राज्य का हर विद्युत उपभोक्ता मोटे तौर पर केवल 100 यूनिट बिजली का उपभोग हर महीने करता है, तो भी इस हिसाब से उत्तराखंड पावर कारपोरेशन लिमिटेड कम से कम 72 लाख रुपया प्रतिमाह उपभोक्ताओं से अतिरिक्त वसूल करेगा और यदि सारी प्राप्तियां गणना में ली जाए तो यह रकम करोड़ों में होगी। इसे विडंबना ही कहा जाएगा की उत्तराखंड सरकार विद्युत उपभोक्ताओं से फ्यूल चार्ज एडजेस्टमेंट के नाम पर करोड़ों रुपए अतिरिक्त वसूलने की तैयारी में तो है, लेकिन उपभोक्ता सुविधाओं के नाम पर सरकार के खाते में कोई विशेष उपलब्धि नहीं है। खबर है कि उत्तराखंड के पास पर्याप्त बिजली भी नहीं है और आगामी अक्टूबर माह से बिजली की कमी अपना असर दिखाने लगेगी। अक्टूबर माह से होने वाली बिजली की संभावित कमी से निपटने के लिए हालांकि सरकार द्वारा केंद्र सरकार से गैर आवंटित कोटा को बनाए रखने की मांग की जा रही है और हो सकता है कि केंद्र सरकार मुख्यमंत्री के अनुरोध पर उत्तराखंड को गैर आवंटित कोटे की बिजली आपूर्ति की के लिए तैयार भी हो जाए, लेकिन जिस उत्तराखंड को स्थापना के समय ही उर्जा राजधानी बनाने का संकल्प लिया गया था और समय-समय पर जिसे ऊर्जा प्रदेश बताया भी जाता है, वहां ऊर्जा क्षेत्र में ऐसी बदहाली अपने आप में बेहद शर्मनाक है। उत्तराखंड कीतुलना अगर दिल्ली से करें तो यह है शर्मिंदगी और भी बढ़ जाती है, क्योंकि दिल्ली प्रदेश में बिजली उत्पादन का कोई पावर प्लांट ना होने के बावजूद भी, दिल्ली द्वारा राज्य वासियों को 100 यूनिट तक फ्री बिजली दी जा रही है, जबकि उर्जा प्रदेश उत्तराखंड में नए-नए बहाने बनाकर बिजली के दाम आए दिन बढ़ाई जा रहे हैं अभी हाल में ही उत्तराखंड पावर कारपोरेशन द्वारा फिक्स चार्ज मे 50% तक की बढ़ोतरी की गई थी ।

## नगर में विद्युत सप्लाई को सुचारू करने मांग

किच्छा( उद संवाददाता)। शहर में हो रही विद्युत कटौती को लेकर प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने गत सांय विद्युत विभाग के एसडीओ दिनेश चंद्र गुरुरानी से मिलकर बातचीत



की तथा नगर सहित पूरे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुचारू करने की मांग की। व्यापर मंडल के महामंत्री विजय अरोरा एवं कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला ने बताया की किच्छा एसडीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे प्रदेश में वर्षा के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित है,उनका साफ कहना है कि इस समय पूरे प्रदेश में विद्युत कटौती हो रही है। उसकी वजह पहाडो में आयी आपदा है साथ ही विद्युत सप्लाई के दो मुख्य टावर क्षतिग्रस्त हो गये है और उसको अभी ठीक होने में कम से कम १० से १५ दिन लगेंगे,नदियों मै गारद आने के कारण पहले भी वर्षा काल में विद्युत सप्लाई वाधित होती थी।जो कभी ज्यादा या कभी कम देर के होती थी।कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला ने कहा आम जनता भी धैर्य बनाए रखें समस्या का समाधान होते ही विद्युत आपूर्ति सुचारू हो जाएगी। उन्होंने कहा की पहाड़ों मै अभी भी मोसम खराब हैं। इसलिए हम नागरिक कर्तव्य बनता है कि विद्युत विभाग का विद्युत सप्लाई को सुचारू बनाए रखने के लिए सहयोग करें और दूसरी ओर विद्युत विभाग का भी दायित्व बनता है कि नगर में एक समान विद्युत सप्लाई बनाए रखें जिससे नगर के व आसपास के क्षेत्र के लोग अपने नित्य कार्यों को संपादित कर सकें।

## हल्द्वानी में भाजपा का नव मतदाता चेतना अभियान शुरू

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाजपा ने यहां नव मतदाता चेतना अभियान की शुरुआत की। जिसमें प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट सहित पार्टी के कई पदाधि कारियों तथा कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारियों को नए मतदाताओं के पहचान पत्र बनाना पुराने मतदाताओं को चिन्हित करना तथा शिफ्ट हुए मतदाताओं का पहचान पत्र में नाम जोड़ने सहित विभिन्न कार्यक्रमों के दायित्व दिए गए। प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम ने बताया कि आगामी 24 और 25 अगस्त को पूरे प्रदेश में पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाता पहचान पत्र का वोटर लिस्ट से मिलान करेंगे। यदि कोई छूट गया है या नए मतदाता पहचान पत्र बनने हैं उन पर संबंधित फार्म भरकर मतदाताओं की मदद की जाएगी। प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम ने कहा कि पूरे प्रदेश



में समितियां बनाकर पार्टी पदाधिकारियों को यह दायित्व दिया गया है। यह अभियान भाजपा प्रत्येक चुनाव के समय चलाती है और इस बार भी नए मतदाताओं को विशेषकर मतदाता सूची से जोड़ने का कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है।इसी के मद्देनजर प्रदेश के समितियों को यह काम सौंपा जाएगा। फिर जिले की समितियां बनेंगी और फिर मंडल की। जो घर-घर जाकर इस नव मतदाता चेतना अभियान को चलाएंगी।



# प्रत्येक कालोनी में बिजली और सड़क की व्यवस्था के साथ पानी निकासी की भी उचित व्यवस्था हो : डीएम

## अनियोजित कालोनियां काटने के खेल को रोकने के निर्देश

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। जनपद में कानून का राज कायम रहे और कोई भी व्यक्ति दबंगई न दिखा सके। यह बात जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने शनिवार को डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में मासिक स्टाफ बैठक लेते हुए कही। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा न्यायालयों में चल रहे वादो में गुनहगारों को सजा दिलाने के लिए अभियोजन कार्यालय द्वारा प्रभावी पैरवी की जाये और कोई भी गुनहगार सजा से बच न पाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि किसी भी इन्वेस्टीगेशन ऑफीसर की लापरवाही से कोई अपराधी सजा से बचता है तो उसके खिलाफ विधिक एवं विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाये। उन्होंने गुण्डा एक्ट का जनहित में सही से व प्रभावी ढंग से उपयोग करने के निर्देश देते हुए कहा कि गुण्डा एक्ट की कार्यवाही करते समय स्पष्ट लिखा हो कि किस आधार सें संतुष्ट होकर गुण्डा एक्त में कार्यवाही की जा रही है और आधार नियमानुसार हैं या नहीं। जिलाधिकारी ने सत्र न्यायालयों सुनवाई पर चल रहे पुराने पांच-पांच वादो की आद्यतन स्थिति से अवगत कराने के निर्देश संयुक्त निदेशक अभियोजन को दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि बड़े किसानों के साथ मिलकर कॉलोनाइजर, अनियोजित कॉलोनियां काटकर बेचने में जनता के साथ छल न



कर सकें। कॉलोनियां नियमानुसार बने और प्रत्येक कॉलोनी में बिजली, सड़क की व्यवस्था के साथ ही पानी निकासी की भी उचित व्यवस्था हो। जिलाधिकारी ने कॉलोनाइजर तथा बड़े किसानों की मिली भगत से अनियोजित कॉलोनिया काटने के खेल को रोकने के लिए अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एआईजी स्टाम्प, एसडीम सदर, सब रजिस्ट्रार सदर की सदस्यता वाली टीम गठित करते हुए निर्देश दिये कि चल रहे खेल को रोकने के लिए प्रभावी कार्य योजना तैयार की जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि जनपद में अनियोजित विकास रूके और जनता को बिजली, सड़क, पेयजल एवं पानी की उचित निकासी की व्यवस्था मिले। खनन विभाग की समीक्षा के दौरान उप निदेशक खनन को निर्देश दिये कि जनपद नैनीताल व रामपुर (उप्र) के जो भी बकायेदारो की आरसी काटी गयी है उसकी वसूली के लिये सम्बन्धित जिलाधिकारियों को पत्र प्रेषित कर वसूली करायी जाये। उन्होने राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान सभी उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारो को निर्देश दिये कि बड़े बकायेदारों को नोटिस देकर सम्पत्ति कुर्क कर नीलामी की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होने सम्बन्धित को निर्देशित करते हुये कहा कि यदि कही पर चकरोड पर अतिक्रमण है तो उसे चिन्हित कर अतिक्रमणमुक्त कराये। इस दौरान जिलाधिकारी ने राज्य कर, आरटीओ, आबकारी, पूर्ति विभाग की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में एसपी चन्द्रशेखर घोड़के, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, अशोक जोशी, उप जिलाधिकारी रविन्द्र बिष्ट, राकेश तिवारी, तुषार सैनी, मनीष बिष्ट, कौस्तुभ मिश्रा, गौरव चटवाल, संयुक्त निदेशक विधि डीएस जंगपांगी, डीजीसी एनएस धामी, तहसीलदार यूसुफ अली, सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# हरियाली तीज कार्यक्रम में महिलाओं ने लगाई मेहंदी

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और 66 विधानसभा रुद्रपुर से कांग्रेस की तरफ से विधायक का चुनाव लड़ी, पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा के नेतृत्व में रमपुरा स्थित परमानंद आश्रम, चुन्नीलाल मंदिर में तीज महोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजिका उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने स्वयं अपने हाथों से एक महिला के हाथों में मेहंदी सगाई , इसके बाद सैकड़ों महिलाओं ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर हरियाली तीज के अवसर पर अपने अपने हाथों में मेहंदी लगवाई। यहां




अपने संबोधन में कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती मीना शर्मा ने कहा कि वह पिछले अनेकों वर्षों से रमपुरा में पहुंचकर हरियाली तीज के अवसर पर सुहागिन महिलाओं के हाथों में मेहंदी लगाने का कार्यक्रम करती रही है। इस वर्ष भी उन्होंने इस कार्यक्रम को अनवरत जारी रखा है। कांग्रेस नेत्री ने कहा कि हरियाली तीज महिलाओं के सुहाग का प्रतीक पर्व है, और वह अपने अपने सुहाग की दीर्घायु के लिए अपने अपने हाथों में मेहंदी लगाती है और उपवास रखती है। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर रमपुरा की दर्जनों महिलाओं ने श्रीमती मीना शर्मा का फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। हरियाली तीज कार्यक्रम में श्रीमती सरोज रानी, यादों देवी, विठोला देवी, श्रीमती मंजू जैन, श्रीमती पूनम गुप्ता, पूजा शर्मा, खुशबू शर्मा, कांति, रामा ठाकुर, ममता, प्रियंका, बबीता, कुमकुम, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# आरएएन स्कूल में हमारे माता पिता हमारे सुपर हीरो विषय पर कार्यक्रम आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आरएएन विद्यालय के प्रांगण में कक्षा- एक के छात्र -छात्राओ द्वारा हमारे माता-पिता हमारे सुपर हीरो विषय के अन्तर्गत अपने माता -पिता के लिए रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । सरस्वती वंदना के पश्चात विद्यालय की मुख्य -अध्यापिका श्रीमती मेघना गुप्ते जी ने विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती निधि राय व सभी अतिथियों का स्वागत किया व विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी



प्रदान की। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए बच्चों ने माँ के लिए गीत, योगा व मार्टल आर्ट ताइक्वांडो की सुंदर प्रस्तुति दी।कार्यक्रम के मध्य में विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती निधि राय जी द्वारा सभी अभिभावकों को संबोधित किया गया व छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। तत्पश्चात बच्चों द्वारा मेरी माँ नृत्य व रोमांच से भरपूर फैशन शो की सभी अभिभावकों ने खूब सराहना की ।कार्यक्रम में आयोजित लकी ड्रा और मनोरंजक गेम का भी सभी अभिभावकों ने खूब आनंद उठाया। कार्यक्रम का अंत विद्यालय के प्राइमरी रॉ -बैंड द्वारा जन-गन-मन की मनमोहक प्रस्तुति से किया गया।



# सर्व समावेशी है भारत की संस्कृति: प्रो.गौर

## महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समाजशास्त्र विभाग ,सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में " भारत का समृद्ध सांस्कृतिक अतीत चिन्ताएँ और वास्तविकताओं का रहस्योद्घाटन " विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अंतर्राष्ट्रीय समाजशास्त्र परिषद के संयोजक प्रोफेसर भूप सिंह गौर ने कहा कि भाषा और आचरण के स्तर पर हम अभी भी औपनिवेशिक मानसिकता के शिकार हैं। भारत के समृद्ध सांस्कृतिक अतीत की विशेषताओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति एक सर्व ता में छुपे एकता के तत्वों को समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जब तक हम विविधता के तत्वों को आत्मसात नहीं करेंगे तब तक सही मायनों में भारत को विश्व गुरु बनाना सम्भव नहीं होगा। विशिष्ट अतिथि प्रो. बीएम कुमार ने प्राचीन काल की परम्परागत शिक्षा व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा वर्तमान शिक्षा के में व्याप्त भ्रमों का निवारण करते हुए वास्तविकता का रहस्योद्घाटन करते हैं। दो दिवसीय सेमिनार के उद्घघाटन सत्र में वक्ता प्रो. डीएस बिष्ट पूर्व विभागाध्यक्ष, कुमायूँविश्वविद्यालय नैनीताल, प्रो. ज्योति जोशी समाजशास्त्र विभाग, कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल ने भी अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। सेमिनार के इस






परिषद नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित इस सेमिनार में विभिन्न प्रतिभागियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। सेमिनार के उद्घघाटन सत्र का प्रारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। समाजशास्त्र विभाग की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात इतिहास विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अपर्णा सिंह ने अतिथियों के स्वागत में 'शगुन आँखर प्रस्तुत किया। स्वागत समारोह के पश्चात समावेशी संस्कृति है। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा उत्तराखंड के उप निदेशक प्रो. आरएस भाकुनी ने सेमिनार के आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते बताया कि नई शिक्षा नीति -२०२० के माध्यम से भारत सरकार ने भारत के अतीत की गौरवशाली परम्पराओं से युवाओं को जोड़ने का प्रयास किया है। उद्घघाटन समारोह के मुख्य अतिथि न्यूपा विश्वविद्यालय के प्रोफेसर कुमार सुरेश ने कहा कि भारतीय संस्कृति की विविध क्षेत्र में आमूल चूल परिवर्तन की आवश्यकता है। अंत में समारोह के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डीसी पन्त ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए इस तरह के सेमिनार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि आज इस बात की जरूरत है कि भारत के समृद्ध अतीत से आज के युवाओं को परिचित कराया जाय। इस तरह के सेमिनार भारतीय युवाओं के समक्ष संस्कृति से संदर्भ तकनीकी सत्र में देश के विभिन्न भागों से आए शिक्षकों और शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। तकनीकी सत्र में प्रोफेसर सुभाष, प्रो. ज्योति जोशी, डॉ. प्रकाश लखेड़ा, डॉ. दीपक पालीवाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शम्भूनाथ पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# मारपीट के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

गदरपुर( उद संवाददाता)। एक सप्ताह पूर्व थाना गदरपुर क्षेत्र अंतर्गत गुलरभोज चौकी क्षेत्र में दो पक्षों में हुई मारपीट में पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया मिली जानकारी के विगत 13 तारीख को सांय साथ गूलरभोज, में किराये के कमरे में रह रही है प्रार्थी के भाई को अपनी पत्नी पर शक था जिसके चलते वह अपनी पत्नी के कमरे में गया तो देखा कि उसकी पत्नी के कमरे में धीरज मण्डल पुत्र श्री सुखदेव मण्डल निवासी वार्ड न० 8 दिनेशपुर



थाना गदरपुर आकर रविद्रनाथ पुत्र श्री खोखन मण्डल निवासी ग्राम चन्दनगर थाना दिनेशपुर द्वारा एक तहरीर दी की उसका भाई विरेन्द्र सरकार पुत्र श्री खोकन सरकार अपनी पत्नी सुधा सरकार के पहले से मौजूद था। सुधा सरकार व धीरज मण्डल ने प्रार्थी के भाई को देखकर स्तब्ध रह गए तो वह प्रार्थी के भाई वीरेंद्र सरकार से लड़ाई-झगड़ा करने लगे। सुधा सरकार व धीरज मण्डल ने एकराय होकर उसके भाई के सर में हमला कर दिया जिससे वह मौके पर बेहोश हो गया पुलिस ने तहरीर दाखिल के आधार पर थाना गदरपुर पर धारा आई पी सी की धारा 323/504/506/325/308/ 34 के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया । क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण मे टीम गठित की गयी । उक्त टीम द्वारा थानाध्यक्ष गदरपुर के नेतृत्व मे तत्काल कार्यवाही करते हुए अभियुक्तगण सुधा सरकार व धीरज मण्डल उपरोक्त को बीते शनिवार को गूलरभोज से गिरफ्तार किया गया ।अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहाँ से अभियुक्तो को न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में राजेश पाण्डेय, थानाध्यक्ष गदरपुर, गुलरभोज चौकी प्रभारी राकेश कठायत , कानि0 रघुवर सिह ,मा0 कानि पार्वती गोस्वामी शामिल थी।

# हरियाली तीज का पर्व धूमधाम से मनाया

गदरपुर( उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार गदरपुर में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के आज 19वें दिवस की कथा करते हुए कथा वाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा कि अपने हाथों से किया हुआ सत्कर्म ही अपना है, जीव तो मुनीम है प्रभु ही स्वामी है, इस शरीर पर जब जीव की सत्ता नहीं है तो किसी और वस्तु पर कैसे हो सकती है, यमराज की आज्ञा होते ही शरीर का त्याग करना पड़ता है। कथा के दौरान हरियाली तीज का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया, जिसमें बांके बिहारी मंदिर एवं शिव परिवार को फूलों से विशेष रूप से सजाया गया। इस दौरान कथा श्रवण करने पहुंचे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उपस्थित थी। एवं आज के प्रसाद की सेवा श्री सनातन धर्म सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री लेखराज नागपाल जी ने अपने पिता स्वर्गीय रामचंद नागपाल की पुण्यतिथि पर दी। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।





# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## अपमानसूचक शब्दों का उपयोग

एक सभ्य समाज, संस्था और व्यक्ति की पहचान इससे भी होती है कि वह सामान्य व्यवहार में किस तरह की भाषा का इस्तेमाल करता है। खासकर महिलाओं के बारे में उपयोग किए जाने वाले शब्दों, वाक्यों से उस समाज की मानसिकता का भी पता चलता है। इस मामले में भारत के अधिकतर समाजों में स्त्री के प्रति बहुत सारे असम्मानजनक शब्द चलन में हैं।वही शब्द धीरे-धीरे प्रशासनिक और अदालती कामकाज में भी घुसपैठ कर गए हैं। सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ने ऐसे शब्दों की पहचान की और उन्हें अदालती भाषा से बाहर करने का फैसला किया। एक टीम बना कर ऐसे शब्दों की पहचान की गई, जो महिलाओं के लिए प्रायः समाज में रूढ़ और अपमानसूचक हैं।उन शब्दों की जगह प्रयुक्त हो सकने वाले शब्दों और वाक्यों के विकल्प भी तलाशे गए और फिर 'हैंडबुक आन कांबैटिंग जेंडर स्टीरियोटाइप' शीर्षक से तीस पन्नों की एक पुस्तिका प्रकाशित की गई। इसमें उन शब्दों की सूची दी गई है, जो अदालती कामकाज में प्रयोग होते रहे हैं। वे शब्द अदालती फैसलों तक में प्रयुक्त हुए हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि उन रूढ़ हो चुके शब्दों के बजाय उनके सम्मानजनक विकल्पों का उपयोग किया जाए। यह पुस्तिका वकीलों और न्यायाधीशों दोनों के लिए है। यह पहली बार है जब किसी प्रधान न्यायाधीश का ध्यान अदालती भाषा में घुसपैठ कर चुके स्त्रियों के प्रति इस्तेमाल होने वाले रूढ़ और अपमानसूचक शब्दों की तरफ गया। इस साल महिला दिवस पर उन्होंने इसे लेकर न सिर्फ अफसोस जाहिर किया, बल्कि उन शब्दों को हटाने का उपक्रम भी किया। प्रधान न्यायाधीश ने पुस्तिका जारी करते हुए कहा भी कि महिलाएं पुरुष के अधीन नहीं, बल्कि संविधान में उन्हें बराबरी का हक है। उनके प्रति किसी भी ऐसे शब्द का उपयोग नहीं होना चाहिए, जिससे उनका सम्मान आहत होता हो। इस पहल से निस्संदेह अदालत की भाषा में महिलाओं की सम्मानजनक जगह बनेगी। यह उन तमाम संस्थाओं के लिए भी नजीर बनेगी, जो बिना सोचे-समझे अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हैं।इसका असर बौद्धिक समाज और फिर उसके नीचे समाज पर भी दिखना शुरू होगा। दरअसल, शिक्षा का स्तर ऊंचा उठने के बावजूद महिलाओं के प्रति हमारे समाज का नजरिया संकीर्ण है। उन्हें अपमानित करने की मंशा से लोक और शास्त्रीय भाषा में भी बहुत सारे ऐसे शब्द गढ़ लिए गए हैं, जिन्हें गाली कहा जा सकता है।मगर इनके अलावा भी बहुत सारे ऐसे शब्द गढे गए हैं, जो अपमानजनक हैं और सामान्य कामकाज की भाषा में रूढ़ हो चुके हैं। मसलन, बिन व्याही मां। सर्वोच्च न्यायालय ने इसकी जगह केवल मां शब्द का प्रयोग करने का सुझाव दिया है। ऐसे शब्दों की लंबी सूची है। जब शीर्ष संस्थाएं भाषा को लेकर सावधानी बरतना शुरू करती हैं, तो उसका प्रभाव नीचे तक पहुंचता है और लोग सामान्य व्यवहार में भी उसे उतारना शुरू कर देते हैं। उम्मीद बनती है कि लोग अब महिलाओं के प्रति इन रूढ़ शब्दों से परहेज करेंगे। हमारे समाज में महिलाओं के प्रति लैंगिक भेदभाव के अनेक स्तर हैं, उनमें भाषा भी एक है। संविधान में महिलाओं और पुरुषों के बीच के भेद को समाप्त करने के लिए समय-समय पर कई प्रावधान किए गए, मगर उनके लिए इस्तेमाल की जाने वाली भाषा को परिष्कृत करने का प्रयास नहीं किया गया था। अब वह सुनिश्चित हो सका है। इस तरह सर्वोच्च न्यायालय की ताजा पहल महिलाओं के प्रति समुचित भाषा न्याय है।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के लिए डीएम ने दिये दिशा निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददात)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने 22 अगस्त को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के सम्बन्ध में चल रही तैयारियों की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी सरकारी, सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों, तकनीकी संस्था, मदरसों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि एक भी बच्चा दवाई खाने से वंचित न रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि महाविद्यालयों, तकनीकि शिक्षण संस्थानों के साथ ही पैरामेडिकल कॉलेजों में भी 19 वर्ष तक की आयु वर्ग विद्यार्थियों को चिन्हित करते हुए दवाई खिलाई जाये। उन्होंने स्कूल न जाने वाले सभी बालक, बालिकाओं, श्रमिक के बच्चों एवं घुमन्तू बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री के माध्यम से कृमि नाशक दवा एल्बेंण्डाजॉल खिलाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कृमि मुक्ति दिवस पर दवाई खाने से वंचित बच्चों को 29 अगस्त, 2023 को मॉप-अप दिवस पर दवाई खिलाई जाये। डीएम ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए



कहा कि सभी स्कूलों, कॉलेजों, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दवाई समय से पहुँच जाये। उन्होंने सभी विद्यालयों, मदरसों, आंगनबाड़ी केन्द्रों के नोडल अधिकारियों को दवाई खिलाने के तरीके एवं मानक संचालन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिये। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 राजेश आर्य ने बताया कि जनपद में 01 से 19 वर्ष तक के 711887 बच्चों को दवाई खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि जनपद स्तरीय इमर्जेन्सी रेस्पोंस टीम में डिस्ट्रिक्ट नोडल ऑफीसर डॉ.हरेन्द्र मलिक को रखा गया है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही 8 ब्लॉक स्तरीय इमर्जेन्सी रेस्पोन्स टीमे बनाई गई हैं। डॉ0 आर्य ने बताया कि 1 से 2 साल तक बच्चों को आधी टेबलेट तथा 03 साल तक के बच्चों को पूरी टेबलेट पानी में घोलकर पिलाई जायेंगी। उन्होंने बताया कि 3 से 19 वर्ष से बच्चों को पूरी गोली चबा-चबा कर खिलाई जायेगी। उन्होंने बताया कि 01 से 19 साल के सभी बच्चों (लड़कों एवं लड़कियों) को आन्त के कृमि संक्रमण का खतरा रहता है। उन्होंने बताया कि कृमि मनुष्य की आन्त में रहकर, मानव शरीर ऊतकों से जरूरी पोषक तत्वों को खाते हैं, जिससे बच्चों में कुपोषण एवं खून की कमी होने लगती है तथा बच्चों की कार्य क्षमता घटने लगती है। उन्होंने बताया कि तीव्र संक्रमण के कारण बच्चे थके हुए एवं अकसर बीमार रहने लगते हैं।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी रमेश चन्द्र त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह, डीपीएम हिमांशु मशूनी, जावेद अहमद, पूरनमल, आरकेएसके, मो0 आमिर खां, निधि शर्मा, सहित जनपद के एमओआईसी एवं सम्बन्धित विभाग के अधिकारी वर्चुअल के माध्यम से जुडे थे।

## उत्तराखंड सहित कई राज्यों में साइबर ठगी करने वाला दिल्ली से गिरफ्तार

देहरादून। उत्तराखंड सहित 20 राज्यों में साइबर ठगी की घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपित को उत्तराखंड पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ का दावा है कि आरोपित को 20 राज्यों की पुलिस तलाश रही थी। उसने एक महीने में ही करीब छह करोड़ रुपये की रकम लोगों को अलग-अलग तरीके से जाल में फंसाकर ठग ली।एसटीएफ के अनुसार आरोपित ठगी की रकम हवाला के माध्यम से विदेश भेजता था, ऐसे में अब उसके अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन को खंगाला जा रहा है। एसएसपी (एसटीएफ) आयुष अग्रवाल ने शुक्रवार को आरोपित की गिरफ्तारी का राजफाश करते हुए बताया कि एक महिला ने जुलाई माह में राजपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके मोबाइल पर वाट्सएप कॉल के माध्यम से एक अज्ञात व्यक्ति ने संपर्क किया।उसने खुद को मल्टीनेशनल कंपनी का प्रतिनिधि बताते हुए महिला को पार्ट टाइम नौकरी का झांसा दिया। महिला




उसके झांसे में आ गई व आरोपित ने महिला को को यूट्यूब व इंस्टाग्राम के लिंक भेजकर उन्हें लाइक व सब्सक्राइब करने का टास्क दिया और इसी बीच महिला के बैंक खाते से अलग-अलग बार में कुल 48 लाख रुपये निकाल लिए। राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच साइबर थाना को स्थानांतरित कर दी गई। एसटीएफ ने मोबाइल नंबर व खातों की जांच की तो कड़ी दिल्ली से जुड़ी मिली। निरीक्षक त्रिभुवन रौतेला व दारोगा राहुल कापड़ी की टीम दिल्ली रवाना की गई। महिला के खाते से जिन बैंक खातों में साइबर ठग ने रकम भेजी थी, वह सभी खाते फर्जी पहचान-पत्र पर खोले गए थे। इनमें एक खाता संजीव मल्होत्रा निवासी रमेश नगर, थाना कीर्तिनगर (नई दिल्ली) का पाया गया, जिसे एसटीएफ ने उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।आरोपित से घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल व कई आधार कार्ड बरामद किए गए। एसएसपी ने बताया कि जांच में पता चला कि संजीव मल्होत्रा ने केवल एक महीने में करीब छह करोड़ रुपये की ठगी की है।एसटीएफ के अनुसार साइबर ठग संजीव मल्होत्रा ने अब तक 20 राज्यों में साइबर ठगी की 46 घटनाओं को अंजाम दिया है। उत्तराखंड समेत आंध्र प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडू, पंजाब, झारखंड, महाराष्ट्र, पुडुचेरी, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, तेलंगाना, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, केरल, बंगाल, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में उसने लोगों को विभिन्न तरीकों से झांसे में लेकर उनके खातों से धनराशि निकाल ली। जांच में पता चला कि संजीव पहले व्यापारी था। रातोंरात अमीर बनने के लिए उसने साइबर ठगी शुरू कर दी। उसने कई फर्जी खाते खोले व ठगी की धनराशि इन खातों में ट्रांसफर कर दी।

## सभी लोगों को करें स्वच्छता के प्रति जागरूक : राज्यपाल

### 'प्लास्टिक के विरूद्ध जंग' सेमिनार में स्वच्छता के प्रति गंभीरता से होगा चिंतन

देहरादून(उद संवाददाता)। स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित किए जाने के उद्देश्य से राजभवन में सितंबर माह में ''प्लास्टिक के विरूद्ध जंग'' सेमिनार आयोजित होगा। इस सेमिनार में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सिंगल यूज प्लास्टिक के कम से कम उपयोग पर मंथन किया जाएगा। सेमिनार में विभिन्न विशेषज्ञ विभागों के प्रतिनिधियों के अलावा स्वच्छता जागरूकता के क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों, उद्योग जगत के लोगों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। उक्त सेमिनार में प्रदेश के विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, स्कूली छात्र-छात्राओं के माध्यम से जागरूकता रैली कार्यक्रम एवं सामूहिक स्वच्छता अभियान भी चलाया जायेगा। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने



राजभवन में ''प्लास्टिक के विरूद्ध जंग'' सेमिनार के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति गंभीरता से चिंतन करने हेतु हम सभी को मिलकर स्वच्छता की दिशा में प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक कचरे के कारण हमारे संपूर्ण जलवायु तंत्र, नदी-नाले, जंगल की संपदा आदि में प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। प्लास्टिक कचरे के कारण प्रदेश में आने वाले पर्यटकों एवं तीर्थ यात्रियों के मन में भी नकारात्मक प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सिंगल यूज प्लास्टिक को त्यागने हेतु लोगों को जागरूक किया जाना बेहद जरूरी है। राज्यपाल ने कहा कि शहर की स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाए जाने के दृष्टिगत कुछ हीरो, आईकन तथा महिला वर्ग की सहभागिता पर भी विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने कहा कि सेमिनार में ऐसे सफाईकर्मी जो स्वच्छता कार्यों में उत्कृष्ट हों, को भी कार्यक्रम में सहभागी बनाया जाय। उन्होंने कहा कि यह हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने आस-पड़ोस को साफ रखें और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें तथा सभी लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। इस बैठक में प्रमुख सचिव आर0के0 सुधांशु, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, सचिव प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सुशांत पटनायक, वित्त नियन्त्रक डॉ0 तृप्ति श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित प्रेम चंद शर्मा ने राज्यपाल से की भेंट

देहरादून(उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित प्रेम चंद शर्मा ने भेंट की। श्री प्रेम चंद शर्मा जी जैविक एवं प्राकृतिक खेती व बागवानी के विशेषज्ञ हैं, आपने अपने प्रयोगों और नवाचार के माध्यम से अपने गाँव में एक आदर्श बागवानी केंद्र स्थापित किया है। श्री शर्मा ने राज्यपाल को शहरी क्षेत्रों के लिए अपने नए प्रयोग "जैविक किचन गार्डन" मॉडल के बारे



में विस्तार से बताया। राज्यपाल ने कहा कि ''मेरा हमेशा से ये मानना रहा है कि प्राकृतिक और जैविक खेती के माध्यम से हम रोजगार सृजन के साथ-साथ पलायन को रोकने में भी सफल हो सकते हैं।'' राज्यपाल ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है, और ये बेहद जरूरी है कि हमारी जीवन शैली में योग और हमारी भोजन में जैविक रूप से उगाई गई सब्जियों का ही प्रयोग हो। राज्यपाल ने कहा कि श्री शर्मा द्वारा किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं और अन्य लोगों को भी उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

### देश की आजादी

किसने दी परिभाषा हमको इस झूठी आजादी की ?
निंदा है यह हिंद की,किंतु,निज की सच्ची बर्बादी की।
स्वदेश में स्वजन की ही कैद में हम रहते हैं।
पश्चिम से छुटकारे को आजादी थोड़ी कहते हैं।
कब-तक नाचेगा बंदर डमरू के इशारों पर ?
कब तक चेतक दौड़ेगा चापक की मारो पर ?
हमें दो रोटी खिलाकर ये गहरे घाव देते हैं !
पश्चिम से छुटकारे को आजादी थोड़ी कहते हैं।
पक्षी छत पर निर्भय होकर किस दिन दाना खाएगा ?
पिंजरे का पक्षी कब तक महलों की शान बढ़ाएगा ?
शांति फैलाने वालों के नयनों से आंसू बहते हैं।
पश्चिम से छुटकारे को आजादी थोड़ी कहते हैं।
जब नग्न अवस्था में नारी सड़कों पर नोची जाती हो।
खंजर पत्थर से कुचल-कुचल जब साक्षी प्राण गवाती हो।
जहां जख्मी पड़ी है कोयलिया और गीदड़ गान सुनाते हैं।
पश्चिम से छुटकारे को आजादी थोड़ी कहते हैं।
इन गद्दारों की मंशा है धरती को श्मशान करें।
हर मंजर करदें बंजर,आतंकी से इंसान डरे।
बंदूकों के बलबूते हमारे हृदय दहकते हैं !
पश्चिम से छुटकारे को आजादी थोड़ी कहते हैं।
नेह-स्नेह को तजकर हम नफरत के गुलाम हुए।
अंबर को छूकर भी हम भूतल पर गुमनाम हुए।
मनुजता है श्रेष्ठ धर्म फिर क्यों श्जाति-जातिश रटते हैं।
पश्चिम से छुटकारे को आजादी थोड़ी कहते हैं।
झूठ बेकसूर और सच अपराधी घोषित हो जाए ?
तुला और तलवार लिए न्याय की देवी सो जाए ?
हमें लूटकर जज यहां खुद सुख में पलते हैं !
पश्चिम से छुटकारे को आजादी थोड़ी कहते हैं।
ऊंचे ऊंचे हैं लोग मगर नियत इनकी नीची हैं।
लाल इनके गाल पर दिल के बड़े लालची हैं।
सरहदो पार आशिकी करते ,गंदी इनकी हरकतें हैं।
पश्चिम से छुटकारे को आजादी थोड़ी कहते हैं।
नतमस्तक हूं उनकी अमृत्व वीर शहादत पर।
जीवित है यह देश केवल रक्षक की हिफाजत पर।
है आजाद हिंद तो जिस्म लिपट तिरंगे में क्यों आते हैं ?
पश्चिम से छुटकारे को आजादी थोड़ी कहते हैं।
जय हिन्द, जय हिन्दी, जय भारत, जय भारती **-मोहित**

## उत्तराखंड में भारी बारिश से चार नेशनल हाईवे समेत 323 सड़कें बंद

### लोनिवि ने 300 जेसीबी मशीनों को मार्ग खोलने के लिये लगाया

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के कुछ जिलों में आज भी भारी से भारी बारिश के आसार हैं। देहरादून, पौड़ी और टिहरी जिले के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं हरिद्वार, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर जिले के लिए येलो अलर्ट है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, अगले दो-तीन दिन पूरे प्रदेश में जमकर बारिश होने के आसार हैं। केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने देशभर में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। अगर आवश्यक न हो तो यात्रा न करें। बारिश के चलते हरिद्वार में गंगा खतरे के निशान के करीब बह रही है। गंगा से दो लाख 10 हजार 678 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज होने से अभी भी यहां बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। पहाड़ का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सड़कें बंद होने से विभिन्न स्थानों पर यात्री फंसे हुए हैं। लोनिवि की ओर से करीब 300 जेसीबी मशीनों को मार्ग खोलने के काम पर लगाया गया है । प्रदेश में भारी बारिश के चलते विभिन्न क्षेत्रों में भूस्खलन के कारण मलबा आने से 323 सड़कें बंद हैं। इस दौरान एक दिन में मात्र 126 सड़कों को ही खोला जा सका। लोनिवि के प्रमुख अभियंता दीपक कुमार ने बताया कि बंद सड़कों में 12 स्टेट हाईवे, सात मुख्य जिला मार्ग, नौ अन्य जिला मार्ग, 135 ग्रामीण सड़कें और 160 पीएमजीएसवाई की सड़कें शामिल हैं। उन्होंने बताया कि एक दिन पहले तक 337 सड़कें बंद थीं, 112 सड़कें बुधवार को बंद हुईं। इस तरह से कुल 449 बंद सड़कों में 126 को खोल दिया गया था। जबकि 323 सड़कें अब भी बंद हैं। उन्होंने बताया कि सड़कों को खोलने के काम में 264 जेसीबी मशीनों को लगाया गया था।

# डीएम ने कालाढूंगी में भ्रमण कर विभिन्न विकास कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

कालाढूंगी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना ने शनिवार को तहसील कालाढूंगी के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण तथा विभिन्न विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम देवलचौड़ में जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन नलकूप, वैकल्पिक धापला मार्ग, मिनी स्टेडियम, आयरन फाउण्ड्री, सिंचाई नहर घमोला आदि योजनाओं का निरीक्षण करने के साथ ही जी.आई.सी. पवलगढ़ में जनसुनवाई आयोजित कर संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ आमजन-मानस की समस्याएं सुनी एवं अधिकतर समस्याओं को मौके पर ही निस्तारण करते हुए करते हुए से शेष समस्याओं को संबंधित विभाग के अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण करने के उपरांत आम जनमानस से समन्वय बनाते हुए समाधान करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विदरामपुर एव रामपुर के ग्रामीणों द्वारा निहाल नदी के ओवरफ्लो होने पर आबादी क्षेत्र में पानी घुसने से खेतों एवं घरों को नुकसान की समस्याएं रखी डीएम ने उप जिला अधिकारी की अध्यक्षता में वन विभाग, सिंचाई विभाग टीम गठित करते हुए जॉइंट सर्वे करने के निर्देश देते हुए प्रथम चरण के कार्यों का राज्य आपदा न्यूनीकरण मद के अंतर्गत प्रस्ताव उपलब्ध करने के निर्देश दिए। रा०ई०का० कालाढूंगी के मैदान में प्रस्तावित मिनी खेल स्टेडियम का निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी को गैर वन भूमि क्षेत्र में कार्य करने के निर्देश दिए कहां की वन विभाग की भूमि पर स्वीकृत प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत कार्य करना सुनिश्चित करे। जल जीवन मिशन, के अन्तर्गत ग्राम देवलपीड पेयजल योजना में पाईपलाईन, नलकूप निर्माण, पम्प हाउस निर्माण, अर्धजलाशय के निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधिशासी अभियंता पेयजल निगम को कार्यों में गुणवत्ता पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए तथा ग्रामीणों के मौजूदगी में पानी की गुणवत्ता की जांच के भी निर्देश दिए। वार्ड 02 मा० मुख्यमंत्री जी घोषणा के अंतर्गत कालाढूंगी नगर पंचायत कालाढूंगी में स्थित Historical Iron foundry का संरक्षण एव पुन: विकास योजना के निरीक्षण के दौरान स्थानीय ग्रामीण एवं पर्यटन अधिकारी ने बताया कि योजना में टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है एवं लगभग डेढ़ करोड़ की धनराशि शासन से प्राप्त हो चुकी है, डीएम ने 15 सितंबर के कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए तथा योजना के निर्माण में गुणवत्ता के साथ साथ उक्त स्थल को मूल रूप में संरक्षित करने का ध्यान रखा जाए। कालाढूंगी ग्राम गंदुआ नाबार्ड मद के अन्तर्गत खिचडी नहर प्रणाली की पुनरोद्धार योजना के निरीक्षण के दौरान डीएम ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को अक्टूबर तक कार्य पूर्ण करने के लिए दीजिए। ग्राम पवलगढ़ स्थित राजकीय इण्टर कॉलेज जनसंवाद कार्यक्रम कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने आम जनता के साथ संवाद करते हुए ग्रामीणों की समस्याएं सुनी इस दौरान भू कटाव, अधिक विद्युत बिल आने, क्षेत्र में मिनी स्टेडियम, विद्युत के तार पेड़ों पर लगने से खतरे की संभावना को देखते हुए पेड़ों की लोपिंग, पानी की समस्या आदि लगभग चालीस से अधिक जन समस्याएं प्राप्त हुई जिनका मौके पर ही निस्तारण करते हुए शेष समस्याओं को संबंधित अधिकारी को निरीक्षण करने के उपरांत समाधान करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाढूंगी का जायजा लेते हुए अव्यवस्थाओं पर नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियो को स्वास्थ्य सुविधा दुरुस्त करने के निर्देश देते हुए कहा कि समस्त स्टाफ की नाम मोबाइल सहित इमरजेंसी ड्यूटी चार्ट सूचना बोर्ड पर प्रदर्शित करें तथा सरकार द्वारा निशुल्क जांच आदि कल्याणकारी योजनाओं की सूची आम जनता की जानकारी हेतु मुख्य द्वार पर प्रदर्शित करें एवं पर्याप्त मात्रा में दवाइयां आदि रखने के निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान विधायक प्रतिनिधि विकास भगत, उप जिलाधिकारी रेखा कोहली के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी एवम स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से होगा निस्तारण: डीएम

चम्पावत(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नवनीत पाण्डे द्वारा अपने टनकपुर भ्रमण के दौरान तहसील सभागार में आमजनता की समस्याएं सुनी औरअधिकारियों को जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ समाधान करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निस्तारण करना हमारा दायित्व है और इसलिए इस कार्य को ससमय करें और जनता को विभाग की योजनाओं से लाभान्वित करें। इस दौरान प्रकाश चन्द्र खर्कवाल द्वारा खाताखतौनी संबंधी समस्या जिलाधिकारी के सम्मुख रखी जिस पर जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही तहसीलदार के माध्यम से संबंधित की समस्या का समाधान कराया। इस दौरान क्षेत्र के शिवालयमंदिर परिसर में गंदगी के साथ ही सीवर का पानी आने की शिकायत के साथ ही मंदिर परिसर में गिरे पेड़ को हटाये जाने की समस्या रखी, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता जलसंस्थान तथा अधिशासी अधिकारी नगरपालिकाटनकपुर को समस्या के समाधान हेतु शीघ्र ही सैप्टिकटेंक की सफाई करने के निर्देश दिये साथ ही मंदिर समिति से सफाईकर का निर्धारित शुल्क लेने के निर्देश दिये,साथ ही उन्होंने वन विभाग को मंदिर परिसर में गिरे पेड़ों को शीघ्र हटाये जाने हेतु निर्देश दिये। इस दौरान क्षेत्रवासियों द्वारा अवगत कराया



कि गुदमी गांव में हाईवे के निर्माण से जलभराव की समस्या हो रही है, जिस कारण लोगों की फसलों को भी नुकसान हो रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने उक्त समस्या के समाधान हेतु एनएचएआई को निर्देश दिये, ताकि क्षेत्रवासी समस्या से निदान पा सकें। इसके अतिक्ति उन्होंने गुदमी में सड़क संबंधित समस्या से भी जिलाधिकारी को अवगत कराया कि क्षेत्र में 04 उद्योग लगने है पर सड़क का निर्माण नही होने से समस्या हो रही है, जिस पर जिलाधिकारी ने लोनिवि को शीघ्र ही आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। ब्यानधूरा से आये मंदिर समिति द्वारा सेलापानी तथा कठोल से पैदल मार्ग के सुधारीकरण की मांग की गयी, जिसके संबंध में जिलाधिकारी ने वन विभाग तथा पर्यटनविभाग को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने ब्यानधूरामंदिर परिक्षेत्र में वन विभाग के माध्यम से फलों एवं फूलों के पौध लगाने के निर्देश भी दिये। क्षेत्र वासियों द्वारा ककनई में हैण्डपंप लगाने की मांग पर जिलाधिकारी ने जल संस्थान को शीघ्र ही हैण्डपंप लगाने के निर्देश दिये,ताकि लोगों को पेयजल की सुविधाएं आसानी से मिल सके। ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण तथा मंदिर क्षेत्र का सौन्दर्यीकरण करने की भी मांग रखी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही की जाय। इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को मानसून काल में संवेदनशील रह कर तथा आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिये और मानसूनकाल में किसी भी आपदा से निपटने हेतु तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिलाधिकारी आकाश जोशी,सीओ अविनाश वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही।

## पेज एक का शेष...

**बंधक बनाई गई भूमि...**बंधक रखी अपनी कृषि भूमि से बैंक का चार्ज भार मुक्त कराना था। परन्तु लिया गया कृषि ऋण व ब्याज नही चुकाया गया। जिससे 29 जून 2020 को उक्त ऋण खाता एनपीए हो गया। बैंक द्वारा बैंक के पक्ष में बंधक की गई कृषि भूमि के राजस्व अभिलेखों का आनलाईन सत्यापन किया गया। पता चला कि बंधक कृषि भूमि में से कुछ भूमि गजराज सिंह, राम आसरे, श्याम बिहारी, श्रीमति मोहन देई व गारंटर मुकेश कुमार व टीकाराम ने एकराय होकर बैक के साथ धोखाधड़ी कर बैंक से लिए गये ऋण को हडपने की नीयत से उक्त कृषि ऋण का एक फर्जी एवं कूटरचित नो ड्यूज सर्टिफिकेट बनाकर उसे बैक द्वारा प्रदत्त असली नो ड्यूज सर्टिफिकेट की तरह प्रयोग कर उसे तहसील कार्यालय बहेड़ी जिला बरेली में दाखिल कर तहसील कर्मियो की मिली भगत से आईएनजी वैश्य बैक ( अब कोटक महिन्द्रा बैंक) के पक्ष में बंधक की गई कृषि भूमि को बंधक मुक्त कराकर एक हिस्सा बेच दिया है। कृषि ऋण खाते का गजराज सिंह, राम आसरे, श्याम बिहारी, श्रीमति मोहन देई, मुकेश कुमार व टीकाराम के उपर कुल बकाया 46,59,438. 80 रूपये है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**बैंक का फर्जी ...**विरूद्ध आरोप लगाते हुए कहा है कि कोटक महिन्द्रा बैंक में आईएनजीवैश्य बैंक का विलय हो गया था। आईएनजीवैश्य बैंक की शाखा रुद्रपुर से श्रीमति शशिलता एवं पवन सिंह द्वारा 31 जनवरी 2014 को कृषि ऋण 26 लाख रूपया का लिया था। जिसमें पवन सिंह के भाई मोहन सिंह गारंटर थे। श्रीमति शशिलता एवं पवन सिंह द्वारा इस ऋण के एवज में अपनी कृषि भूमि कोटक महिन्द्रा बैंक के पक्ष में बंधक की थी। ऋण अनुबंध के अनुसार उक्त शशिलता एवं पवन सिंह को बैक से लिया गया ऋण समय पर ब्याज सहित किश्तो में चुकता कर बैंक से नोड्यूज प्रमाण डिस्चार्ज प्रमाण पत्र प्राप्त कर उक्त कृषि ऋण के लिए बंधक रखी अपनी कृषि भूमि से बैक का चार्ज भार मुक्त कराना था परन्तु उक्त शशिलता एवं पवन सिंह द्वारा बैंक से लिया गया कृषि ऋण व ब्याज नहीं चुकाया गया। जिससे 31 मार्च 2017 को उक्त ऋण खाता एनपीए हो गया। बैंक द्वारा बार-बार तकादा करने पर ऋण नहीं चुकाये जाने पर जब बैंक द्वारा शशिलता एवं पवन सिंह के द्वारा बैंक के पक्ष में बंधक की गई कृषि भूमि के राजस्व अभिलेखो का आनलाईन सत्यापन किया गया। तो पता चला कि शशिलता एवं पवन सिंह व गारंटर माहन सिंह ने एकराय होकर बैक के साथ धोखाधड़ी कर लिए गये ऋण को हडपने की नीयत से उक्त कृषि ऋण का एक फर्जी एवं कूटरचित नो ड्यूज सर्टिफिकेट बनाकर उसे बैक द्वारा प्रदत्त असली नो ड्यूज सर्टिफिकेट की तरह प्रयोग करे तहसील कार्यालय बहेड़ी जिला बरेली में दाखिल करा और तहसील कर्मियो की मिली भगत से आईएनजी वैश्य बैंक अब कोटक महिन्द्रा बैंक के पक्ष में बंधक की गई कृषि भूमि को बंधक मुक्त करा लिया। जबकि लिया गया कृषि ऋण आज तक नहीं चुकाया गया है। कृषि ऋण खाते का श्रीमति शशिलता, पवन सिंह एंव मोहन सिंह के उपर कुल बकाया 87,72,222.40 रूपये है। फर्जी नो-ड्यूज प्रमाण पत्र के सम्बंध में पूछताछ व जाँच करने पर पता चला कि पूर्व आईएनजी वैश्य बैक (अब कोटक महिन्द्रा बैंक) द्वारा श्रीमति शशिलता, पवन सिंह एंव मोहन सिंह को कृषि ऋण के डिस्चार्ज के लिए कोई नोड्यूज प्रमाण पत्र उधारकर्ता व गारंटर के पक्ष में जारी नही किया गया है। तहसील में प्रस्तुत किया गया नो-ड्यूज प्रमाण पत्र पूर्ण रूप से फर्जी है। अब धमकी दी जा रही है कि लोन चुकाने को कहा तो गंभीर परिणाम भुगतने होगे। घटना की शिकायत पुलिस से की गई लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**ट्रेन की चपेट में...**के बाद उसे परिजनों के हवाले कर दिया। मृतक महेंद्र सिंह की मौत ने अपने पीछे कई ऐसे सवाल खड़े कर दिए जिसका अभी फिलहाल पुलिस को परिजनों के पास कोई भी जवाब नहीं है। बाजपुर रोड पर आईजीएल से होते हुए जो मार्ग ग्राम बरखेड़ी की ओर जा रहा है इसी रास्ते पर रेलवे क्रॉसिंग के समीप रेलवे ट्रैक पर महेंद्र का अवस्था में पड़ा पाया गया। उसके सिर में गंभीर चोट के निशान थे। महेद्र घर से इतनी दूर कैसे और क्या करने पहुंचा अभी फिलहाल इसका जवाब किसी के पास नहीं है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल की परीक्षा वर्ष 2017, अनुक्रमांक संख्या 17124748 की उत्तीर्ण मूल मार्कशीट वास्तव में कहीं गुम हो गई है। जिसका किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उपयोग अवैध माना जायेगा।

**शगुन गंगवार पुत्री श्री नरपत सिंह गंगवार, निवासी -शिव नगर, ट्रांजिट कैम्प, रूद्रपुर ( ऊधमसिंह नगर )**

# सराहनीय सेवा के लिए डीजीपी ने जगपाल को किया समनित

देहरादून(उद संवाददाता)। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर पुलिस कर्मियों को उनके उत्कृष्ट सराहनीय सेवा के लिए अशोक कुमार पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड ने 77 वा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एसटीएफ , साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन के अधिकारी और कर्मचारियों को उनके सराहनीय सेवा विशिष्ट कार्य के लिए सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया। उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित हुए



पुलिसकर्मियों में शामिल रुद्रपुर निवासी मुख्य आरक्षी (एस.टीए.फ कुमाऊं यूनिट) जगपाल सिंह ने भी उधम सिंह नगर जनपद का नाम रोशन किया। विशिष्ट कार्य के लिए सम्मानित हुए निरीक्षक श्री यशपाल सिंह बिष्ट , निरीक्षक विकास भारद्वाज , निरीक्षक ललित मोहन जोशी , उप निरीक्षक आशीष गोसाई ,उप निरीक्षक आशीष गोसाई , आरक्षी जगपाल सिंह, आरक्षी वीरेंद्र सिंह चौहान , आरक्षी रवि पंत आदि को देहरादून स्थित पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर पुलिस कार्मिकों स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# बालीवुड गायक नेहा कक्कड़ के घर की पार्किंग में भरा पानी

ऋषिकेश। ऋषिकेश में भारी बारिश से शहर की मुख्य सड़कें और आंतरिक गलियों में जलभराव हो गया है। ड्रेनेज सिस्टम नहीं होने से कई जगहों पर पानी की निकासी नहीं हो रही है। गंगा नगर में बॉलीवुड गायक नेहा कक्कड़ के घर की गली समेत कई गलियों में कई फीट पानी भरा हुआ है। इससे लोगों में स्थानीय प्रशासन और नगर निगम के खिलाफ आक्रोश है।पॉश कॉलोनी में गंगा नगर में गायक नेहा कक्कड़ का घर है।



बीते दिनों हुई भारी बारिश की वजह से नेहा कक्कड़ के घर की पार्किंग और गली में करीब चार से पांच फीट पानी भर गया है। पार्किंग में खड़े वाहन तैर रहे हैंउनके घर के आस पास गलियों और खाली भू-खंडों में भी करीब पांच फीट तक पानी भर गया था। स्थानीय निवासी सत्ते सिंह पुंडीर ने बताया कि उन्होंने मुंबई में नेहा के परिवार से संपर्क किया। फिर उनके घर की पार्किंग की दीवार को जेसीबी से तोड़ा गया।इसके बाद पानी की निकासी हुई, लेकिन अभी भी नेहा के घर की पार्किंग और गलियों में पानी भरा हुआ है।

# साहू समाज ने मेधावी छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। साहू धर्मशाला इंदिरा नगर के प्रांगण में आयोजित साहू समाज सम्मान समारोह में साहू समाज समिति द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में थाना अध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओम प्रकाश साहू ने की। संस्थापक राजाराम साहू, बैजनाथ साहू का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। मंच पर महिला अध्यक्ष श्रीमती शिवपति साहू, संरक्षक दशरथ साहू , महिला महामंत्री कुसुमा साहू, पूर्व पंच राम नारायण साहू, अशोक साहू, वर्तमान महामंत्री रामबाबू साहू, पूर्व अध्यक्ष महेश




कुमार आदि थे। कार्यक्रम में सोनम साहू , (लेखपाल पद पर चयनित) जयंत साहू, करण साहू , अपूर्व साहू, हिमांशु साहू , श्रेया साहू , स्वाति साहू, आस्था राठौर, मनीष कुमार साहू, कृष्णा साहू, प्रिया साहू, अनिरुद्ध साहू, आरती साहू, अमन साहू, मोहित साहू, आंचल साहू, व पलक साहू को समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष बृजेश कुमार , पूर्व उपाध्यक्ष कमल साहू , वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुलाब साहू, उपाध्यक्ष सतीश साहू , उप महामंत्री पन्नालाल साहू, उप कोषाध्यक्ष सोनू लाल साहू, राजू साहू , कार्यक्रम संयोजक मुकेश साहू व सोशल मीडिया प्रभारी सुशील साहू, काजल, किरण, पवन साहू , सुरेश साहू व समाज के तमाम महिला और बच्चे भी शामिल हुए। अंत में अध्यक्ष ओम प्रकाश ने सभी को बधाई देकर कार्यक्रम का समापन किया।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गुरू मां
SONY
Whirlpool
SAMSUNG
IFB
Haier
BOSCH
VOLTAS
DAIKIN
HITACHI
MITSUBISHI ELECTRIC
GENERAL
LLOYD
BLUE STAR
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Easy EMI Options Available
GURU MAA ENTERPRISES
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704
MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735
DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000
सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338